**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 413**
**(22 जुलाई, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई

**413. डॉ. राजकुमार सांगवानः**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में, बागपत जिले सहित, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विगत चार वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वीकृत और निर्मित सड़कों की जिला वार कुल लंबाई (कि.मी. में) क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश में अब तक उक्त योजना के अंतर्गत सुविधा प्राप्त करने वाले गांवों की जिला-वार संख्या क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश में उक्त अवधि के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत और पूर्ण किए गए विशेष सड़क विकास कार्यों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) से (ग): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत, विगत चार वर्षों के दौरान, उत्तर प्रदेश में स्वीकृत एवं निर्मित सड़कों की लम्बाई का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | स्वीकृत सड़क की लंबाई | निर्मित सड़क की लंबाई |
|---|---|---|

| | (कि.मी. में) | (कि.मी. में) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 12274 | 3368 |
| 2022-23 | 0 | 5011 |
| 2023-24 | 454 | 6799 |
| 2024-25 | 22 | 2808 |
| 2025-26 (16.07.2025 तक) | 0 | 238 |

विगत चार वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में स्वीकृत और निर्मित पीएमजीएसवाई सड़कों की लंबाई का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **स्वीकृत सड़क की लंबाई (कि.मी. में)** | **निर्मित सड़क की लंबाई (कि.मी. में)** |
|---|---|---|
| 2021-22 | 10.30 | 18 |
| 2022-23 | - | 48 |
| 2023-24 | - | 7 |
| 2024-25 | - | - |
| 2025-26 (16.07.2025 तक) | - | - |

विगत चार वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में स्वीकृत और निर्मित पीएमजीएसवाई सड़कों की लंबाई का जिलावार और वर्षवार ब्यौरा https://omms.nic.in>Progress Monitoring>Monthly Progress Report>Financial Year-wise achievement पर देखा जा सकता है।

पीएमजीएसवाई के कार्यान्वयन की इकाई बसावट है। उत्तर प्रदेश राज्य में सड़कों से जुड़ी बसावटों का जिलावार ब्यौरा https://omms.nic.in>Progress Monitoring>State Profile>Habitation coverage report पर देखा जा सकता है।

(घ): उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्कता बढ़ाने के लिए, पीएमजीएसवाई के सभी कार्यक्रमों/घटकों के तहत 16.07.2025 तक 77,425 किलोमीटर लंबाई के कुल 21,125 सड़क कार्य और 18 पुल स्वीकृत किए गए हैं।

जनसंख्या वृद्धि के कारण पात्र हो चुकी बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 11 सितंबर, 2024 को पीएमजीएसवाई-IV नामक एक नई योजना शुरू की गई है। इस योजना में जनगणना 2011 के अनुसार मैदानी क्षेत्रों में 500+ आबादी और पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों , विशेष श्रेणी के क्षेत्रों (जनजातीय अनुसूची -V, आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्र ) में 250+ आबादी और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों में 100+ आबादी वाली, सड़कों से संपर्क विहीन बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्कता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह योजना 2024-25 से 2028-29 तक लागू की जा रही है , इसमें कुल परिव्यय 70,125 करोड़ रुपये है और इसका लक्ष्य सड़कों से संपर्क विहीन 25,000 बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करना है। प्रस्ताव प्रस्तुत करने में सुविधा प्रदान करने के लिए यह मंत्रालय उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों के साथ घनिष्ठ समन्वय से कार्य कर रहा है।

********